देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय A+ पाने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बना।

इन्दौर, 26 नवम्बर 2019। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्, **(NAAC)** द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर को **A+** ग्रेड प्रदान किया गया। जिससे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय प्रदेश का प्रथम विश्वविद्यालय बन गया जिसे **A+** ग्रेड प्राप्त है। विगत 21, 22 एवं 23 नवम्बर 2019 को आठ सदस्यों की नैक पियर टीम द्वारा विश्वविद्यालय का दौरा किया गया था।

विश्वविद्यालय को कुल 3,804 अंको में 3,138 अंक प्राप्त हुए हैं और इस प्रकार लगभग 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय ने **A+** ग्रेड का दर्जा हासिल किया।

A+ का दर्जा प्राप्त करने के पश्चात विश्वविद्यालय को कई अन्य सुविधाओं की पात्रता हो गई है। जिनमें से प्रमुख इस प्रकार हैंः–

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अंतर्गत मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय बगैर यूजीसी की अनुमति के प्रारंभ कर सकता है।
2. ओपन डिस्टेंस लर्निंग (दूरस्थ शिक्षा) के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की पात्रता विश्वविद्यालय को मिल गई है।
3. **A+** ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय, वर्ग 2 की ग्रेडेड स्वायत्तता प्राप्त विश्वविद्यालय की श्रेणी में आते हैं। इस श्रेणी में आने वाले राज्य विश्वविद्यालयों को रूसा के कम्पोनेन्ट 10 के अंतर्गत प्रत्येक को 50 करोड़ रूपये के अनुदान की पात्रता स्वतः हो जाती है।
4. **A+** ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय अपने यहां स्वीकृत शिक्षकों के पद के 20 प्रतिशत तक विदेशी शिक्षकों को आमंत्रित कर सकते हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने एक दूसरे को बधाई दी एवं मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी